an>

Title: Need to construct a bridge on river Ramganga near Baragaon Arjunpur in Harrdoi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा नदी पर बड़ागांव अर्जुनपुर के पास एक पुल निर्माण कराए जाने के लिए काफी समय से जनता द्वारा मांग की जा रही है। इस संबंध में मैं दिनांक 31.07.2014 को शून्यकाल में पृश्न उठाकर तथा लिखित पत्राचार कर सरकार से आगृह कर चुका हैं लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस स्थान पर आज़ादी के 65 साल से पैंटून पुल का समय-समय पर आवागमन हेतु निर्माण कराया जाता है जो बाढ़ में पृतिवÂ◌ाऩ नदी में बह जाता है। बरसात खत्म होने के बाद पुनः पैंटून पुल के ड्रम एकत्रित कर रास्ते का संचालन किया जाता है।

मुझे सरकार के संज्ञान में यह भी लाना है कि वÂ◌ाऩ 1976 में कार्तिकी पूर्णिमा पर इसी स्थान पर नाव पलटने से 90 स्नानार्थियों को जान गंवानी पड़ी थी। वÂ◌ाऩ 2012 में 23 जनवरी को इसी स्थान पर ट्रैक्टर-ट्रॉली फिसलने से हरियापुर-मड़ैया गांव के दो लोगों की डूबकर जान चली गई थी तथा एक दर्जन से अधिक स्नानार्थी घायल हुए थे। पृतिवÂ◌ाऩ इस स्थान पर कोई न कोई हादसा होता रहता है। यहां के किसान रास्ता बन्द होने के कारण 6 माह के लिए खेती की देखभाल नहीं कर पाते हैं। इस स्थान पर पुल निर्मित हो जाने से जनपद फर्रूखाबाद व जनपद कन्नौज का सीधे आने-जाने का रास्ता 10 किलोमीटर व 30 किलोमीटर कृमशः ही रहता है, वैसे तो 50 से 75 किलोमीटर चक्कर की दूरी तय कर कन्नौज पहुंचते हैं।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र आता है। इस विधान सभा में गंगा, रामगंगा, कुण्डा, नीलम, गम्भीरी 5 नदियां बहती हैं जिससे क्षेत्र भ्रमण एवं चुनावी दौरा करने में जनपृतिनिधियों को काफी दिक्कत होती है। यह विधान सभा पुल-पुलियें, सडकों से वंचित है। इस पुल निर्माण हेतु पंचनद समिति द्वारा समय-समय पर धरना-पृदर्शन कर शासन व पृशासन को ज्ञापन पृस्तुत किये जा रहे हैं। पंचनंद समिति एवं वहां के क्षेत्रीय निवासियों ने स्पÂट रूप से कहा है कि पुल न बनने के कारण बच्चों की शादी करने में अड़चनें आती रहती हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि रामगंगा नदी पर बड़ागांव अर्जुनपुर के मध्य पुल निर्माण हेतु इसी बजट सत्र में धन आवंटित कर पुल निर्माण कराए जाने की कृपा की जाए।